सत्य का ब्रह्मास्त्र
# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

सम्पादक-मधुसूदन शर्मा
सह सम्पादक-बृजेश कुमार शर्मा

वर्ष - २ अंक - ५० सोमवार – १६/०६/२०२५ पृष्ठ – ४ प्रति सोमवार डीजिटल संस्करण

## सम्पादकीय

### विमान हादसा जाँच बताएगी सच

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे ने पूरे देश को झकझोर दिया है। हादसे की असल वजह क्या रही, यह जांच का विषय है। इसमें कई दिन और महीने तक लग सकते हैं। अभी राहत और बचाव पर फोकस है। घायलों को सर्वश्रेष्ठ इलाज मिले और मरने वालों की जल्द से जल्द पहचान की जाए।

सबसे भयावहरू हादसे का शिकार हुए बोइंग 787 में 242 यात्री सवार थे। यह इस सदी का सबसे भयावह भारतीय विमान हादसा है। मई 2010 में मंगलुरू में एयर इंडिया की एक्सप्रेस फ्लाइट 812 क्रैश हुई थी, जिसमें 158 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इसके बाद 2020 के कोझिकोड क्रैश को अपवाद माना जाए, तो पिछले लगभग डेढ़ दशक इंडियन एविएशन इंडस्ट्री के लिए शानदार गुजरे।

ड्रीमलाइनर पर सवालरू अहमदाबाद हादसे का शिकार हुआ विमान बोइंग का ड्रीमलाइनर था। कंपनी ने इस सीरीज का पहला विमान 2011 में जापान की एयरवेज को दिया था और फिलहाल दुनियाभर में 1100 से अधिक ड्रीमलाइनर उड़ान भर रहे हैं। इस विमान के साथ हुई यह पहली बड़ी दुर्घटना है, लेकिन यह भी सच है कि बोइंग ड्रीमलाइनर को लेकर कुछ सवाल उठाए जाते रहे हैं। कंपनी के एक इंजीनियर ने अमेरिका में सरकारी जांच के दौरान एक टेक्निकल फॉल्ट की ओर ध्यान दिलाया था। तब कंपनी ने आरोपों को खारिज कर दिया था।

इस हादसे और इससे पहले के गुणवत्ता से जुड़े विवाद की वजह से बोइंग की छवि पर जरूर आंच आएगी। इसका एक असर तो तुरंत ही कंपनी के शेयरों में गिरावट के रूप में दिख गया। लेकिन, इससे लंबे वक्त में बोइंग की साख को भी धक्का लगा है। इस महीने की शुरुआत में ही रिपोर्ट्स आई थीं कि एयर इंडिया अपने बेड़े को बढ़ाने के लिए एयरबस और बोइंग के साथ 200 विमानों की डील कर सकती है। इससे पहले, 2023 में एयर इंडिया ने रेकॉर्ड 470 विमानों की खरीद का ऑर्डर दिया था।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का तीन देशो का दौरा ,पहले साइप्रस फिर कनाडा ओर क्रोएशिया जाएंगे पीएम , राष्ट्रपति कोविंद ओर एस जय शंकर कर चुके दौरा l

**इन्दरा जी ओर अटल जी के बाद साइप्रस जाने वाले तीसरे पीएम होंगे मोदी।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को 3 देशों की 4 दिन की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वे साइप्रस से इस दौरे की शुरुआत करेंगे, फिर कनाडा और क्रोएशिया जाएंगे। इस दौरान वे 27 हजार 745 किमी का सफर तय करेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पीएम 15–16 जून को साइप्रस में रहेंगे। 16 और 17 जून को कनाडा में जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद वे 18 जून को क्रोएशिया जाएंगे। 19 जून को भारत लौट आएंगे।15–16 जून साइप्रस जाने वाले तीसरे भारतीय पीएम होंगे – मोदी साइप्रस जाने वाले तीसरेभारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इससे पहले 1983 में इंदिरा गांधी और 2002 मे अटल बिहारी वाजपेयी ने इस देश का दौरा किया था। भारत और साइप्रस के कूटनीतिक रिश्ते हमेशा मजबूत रहे हैं, लेकिन इतने उच्चस्तरीय दौरे बहुत कम हुए हैं। साइप्रस में पीएम का शेड्यूल–मोदी राजधानी निकोसिया में राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलाइड्स से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा लिमासोल में व्यापारिक नेताओं को संबोधित करेंगे। साइप्रस में भारत के उच्चायुक्त मनीष ने बताया कि यह संख्या अब लगभग 11,500 तक पहुंच गई है। जो कि पिछले 10 सालों में 4 गुना तक बढ़ी है। यहां भारत का योग और आयुर्वेद भी बेहद लोकप्रिय है। कई भारतीय युवा यहां योगा टीचर का काम कर रहे हैं।

## अहमदाबाद विमान हादसे में विजय रूपाणी का डीएनए मैच अब राजकोट में होगा अंतिम संस्कार ,अब तक 31 सेम्पल मैच हुए।

**हादसे में अब तक २० शव परिजनो को सौंपे गए।**

पीड़ित परिवारों से संपर्क बनाने के लिए 230 टीमें बनाई गई हैं। जो शवों को सही सलामत पहुंचाने और कागजी कार्रवाई पूरी करने में परिवारों की मदद करेंगीं।अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का क्छ। मैच हो गया है। उनका शव परिवार को सौंपा जाएगा और राजकोट में उसका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। रविवार सुबह तक 248 शवों के क्छ। सैंपल लिए गए। इनमें से 31 मैच हुए हैं, जिनमें से 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन आज अहमदाबाद पहुंच सकते हैं।

शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है।

## बेंगलुरू में दस करोड रूपए की कीमत की ड्रग्स के साथ विदेशी गिरफ्तार , कुछ साल पहले दिल्ली आया था विदेशी

**पुलिस ने गुप्त सुचना पर की गिरफ्तारी ।**

बेंगलुरु सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में 10 करोड़ रुपए कीमत की डक्ड। ड्रग्स के साथ एक विदेशी को गिरफ्तार किया। आरोपी कुछ साल पहले दिल्ली आया था और हाल ही में ड्रग की खेप के साथ बेंगलुरु पहुंचा था। कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी की गई।

## दिल्ली की कोर्ट ने एक शख्स को 22 साल बाद रिहा किया।

**गलत पहचान के चलते २००३ में गिरफ्तार किया था।**

दिल्ली की एक कोर्ट ने आस्ट्रेलिया में वर्ष 2003 में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार एक व्यक्ति को पहचान की गलती मानते हुए रिहा कर दिया है। अदालत ने यह फैसला फारेंसिक रिपोर्ट में फिंगरप्रिंट मेल न खाने के आधार पर सुनाया। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रणव जोशी की अदालत ने आदेश में 37 वर्षीय मोहम्मद बशीरुद्दीन को बरी कर दिया।

कोर्ट ने पाया कि बशीरुद्दी की गिरफ्तारी गलत पहचान के चलते हुई थी। अदालत ने कहा कि सीएफएसएल की रिपोर्ट सीलबंद पैकेट में मिली। अदालत में खोली गई रिपोर्ट के अनुसार 17 मई को गिरफ्तार मोहम्मद बशीरुद्दीन के फिंगरप्रिंट उस भगोड़े अपराधी से मेल नहीं खाते, जिसकी तलाश की जा रही थी।

## केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रेश , 7 की मौत

**चार धाम हेलिकॉप्टर सर्वीस पर रोक लगाई ।**



केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5रू20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई है। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है।

हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। शुरुआती जानकारी में खराब मौसम को हादसे की वजह बताया जा रहा है। हेलिकॉप्टर आर्यन एविएशन कंपनी का है। हेलिकॉप्टर में यूपी–महाराष्ट्र के 2–2 और उत्तराखंड, गुजरात के 1–1 यात्री थे। पायलट राजवीर सिंह चौहान जयपुर, राजस्थान के रहने वाले थे।

## अहमदाबाद प्लेन क्रेश में बचे इकलौते यात्री से मिले पीएम मोदी ने की बातचीत l

**मोदी ओर यात्री के बीच १० मिनीट तक हुई चर्चा**



अहमदाबाद प्लेन हादसे में जिंदा बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास कुमार ने बताया कि मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। शायद दरवाजा टूटा और सीट समेत नीचे गिर गया। मुझे कुछ याद नहीं था। रमेश कुमार अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में भर्ती हैं। पीएम मोदी ने शुक्रवार को उनसे मुलाकात की और हालचाल जाना। दोनों के बीच करीब 10 मिनट बातचीत हुई।

इसके बाद रमेश ने डीडी न्यूज से बातचीत में कहा, पीएम ने उनका हालचाल जाना और पूछा कि हादसा कैसे हुआ। रमेश प्लेन की 11। सीट पर बैठे थे। हादसे के बाद वे घटनास्थल से खुद पैदल चलकर बाहर निकले। हादसा कैसे हुआ – जवाबरू सब कुछ मेरे सामने हुआ। मुझे पता नहीं कैसे यह हुआ। मुझे विश्वास नहीं होता कि मैं कैसे जिंदा बाहर निकला। थोड़े वक्त के लिए लगा था कि मैं भी मरने वाला हूं। मेरी आंख खुली तो लगा कि मैं जिंदा हूं। मैंने सोचा मैं यहां से निकल सकता हूं और मैं निकल गया। फ्लाइट के टेक ऑफ होते ही क्या हुआ – जवाबरू टेक ऑफ होते ही पांच–दस सेकेंड के अंदर लगा कि स्टाप हो गया हो है। बाद में ग्रीन और व्हाइट लाइट ऑन हो गई। फिर जैसे ही स्पीड बढ़ाई। उसी समय गिर गया और धमाका हो गया।

## भारतीय वायु सैना को जुन के अंत में मिलेगा फाइटर तेजस एमके 1ए

**इस साल 12 जेट फाइटर बेडे में शामिल होंगे**

ऑपरेशन सिंदूर के कुछ ही सप्ताह बाद वायुसेना के बेड़े में नया विमान आने जा रहा है। वायुसेना को इस महीने के आखिर में स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की अगली पीढ़ी का एयरक्राफ्ट तेजस एमके 1ए मिल जाएगा। फ्लाइंग टेस्ट की आखिरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह फाइटर बेड़े में शामिल हो जाएगा।

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ फरवरी, 2021 में 83 तेजस एमके 1ए विमानों का सौदा 48 हजार करोड़ रुपए में हुआ था। इनकी डिलीवरी मार्च, 2024 में होनी थी। लेकिन अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से मिलने वाले इंजन एफ404 इन20 की सप्लाई में देरी की वजह से सुपुर्दगी करीब सवा साल टल गई।

## राजिस्थान , केरल में कोरोना से दो की मौत , देश में अब तक 79 लोगो की मौत

**राम मंदिर मे मजदुर कोविड पाँजिटव निकला ।**



देश में बीते 2 दिन से कोरोना वायरस के नए केसों की संख्या में कमी देखने को मिल रही है। हालांकि, शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में यह कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 20 लोगों की जान गई है। केरल में इस वक्त देश के सबसे ज्यादा 2055 कोविड मरीज हैं। हालांकि, गुरुवार तक 2165 एक्टिव केस थे। 24 घंटों के दौरान 110 एक्टिव मामले कम हुए हैं। देशभर में कुल 20 पॉजिटिव मामलों में कमी आई है। गुरुवार सुबह 8 बजे तक 7154 एक्टिव मामले थे। शुक्रवार सुबह 8 बजे तक आकंड़ा 7134 हो गया। देश में अब तक 79 लोगों की कोरोना से जान गई है। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 21 मौतें हुई हैं।




डिजीटल संस्करण
https://sbpatra.in
पर उपलब्ध



सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

स्वतंत्र बौद्धिक पत्र (समाचार पत्र)

https//:sbpatra.in


पर डिजिटल संस्करण उपलब्ध

YouTube

SWATANTRA BODDHIK PATRA

खबरों के लिए लोगिंन करे !

https://sbpatra.in/













**(1)** गुगल सर्च करे - https://sbpatra.in/

**(2)** होम पेज पर केटेगिरी मे जाए

**(3)** ई-पेपर केटेगिरी चुने

**(4)** समाचार पत्र आपके सामने क्लिक करे !

# नि:शुल्क ई-पेपर प्रति सोमवार को वेब पोर्टल https://sbpatra.in/ से डाउनलोड कर सकते है।



## ट्रम्प ने अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड डील का ऐलान किया , रेयर अर्थ मटेरियल मिलेगा , बदले में चीन छात्र अमेरिकी कॉलेज में पढ़ेंगे।

**बुधवार को अमेरिका राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने अमेरिका चीन के बीच ट्रेड डील पर समजोते की घेषणा की।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील समझौते की घोषणा की। इस समझौते के तहत चीन अब अमेरिकी कंपनियों को रेयर अर्थ मटेरियल देगा। रेयर अर्थ मटेरियल तकनीकी उपकरण, स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक कार जैसी चीजों के लिए बेहद जरूरी होता है। इसके बदले अमेरिका, चीनी छात्रों को अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करने की इजाजत देगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि नई डील से टैरिफ यानी आयात शुल्क को लेकर अमेरिका को 55: लाभ मिल रहा है, जबकि चीन को सिर्फ 10: फायदा पहुंचेगा। हालांकि यह साफ नहीं है कि इस टैरिफ व्यवस्था का पूरा मतलब क्या है और यह कैसे काम करेगी। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट और चीनी उप प्रधानमंत्री हे लिफेंग 9 जून को लंदन के लैंकेस्टर हाउस में चर्चा के दौरान हाथ मिलाते हुए |हुए |रेयर अर्थ मिनरल्स क्या हैं रेयर अर्थ एलिमेंट कुल 17 होते हैं, जिनमे लैंथेनम, नियोडियम, प्रासियोडियम जैसे मिनरल्स शामिल हैं। ये दिखने में आम खनिज जैसे लगते हैं, लेकिन इनमें विशेष मैग्नेटिक और इलेक्ट्रॉनिक गुण होते हैं जो उन्हें तकनीकी उत्पादों के लिए जरूरी बनाते हैं। ये रेयर (दुर्लभ) कहलाते हैं, क्योंकि ये धरती के काफी अंदर पाए जाते हैं। साथ ही इन्हें निकालने और इनका प्यूरिफिकेशन प्रोसेस काफी जटिल और महंगा होता है।

सत्य का ब्रह्मास्त्र

# स्वतंत्र बौद्धिकपत्र

## अहमदाबाद प्लैन हादसे में साठ विदेशी यात्रियों की मौत ,इनमें 52 ब्रिटिश ,7 पुर्तगाली ओर 1 कनाडाई था l

**ट्रम्प ने घटना को ईताहास में सबसे बुरी घटानाओ में से एक बताया**




अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इस प्लेन में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे। हादसे में एक ब्रिटिश पैसेंजर जिंदा बच गया

एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी ।प्—171 ने गुरुवार दोपहर 1रू38 बजअहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल थी। दोपहर 1रू40 बजे यह प्लेन क्रैश हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इसे घटना को प्लेन हादसों के इतिहास में सबसे बुरी दुर्घटनाओं में से एक बताया है। व्हाइट हाउस में बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह एक भयानक दुर्घटना थी। हम जो कुछ भी कर सकते हैं, करेंगे। ट्रंप ने कहा– किसी को कुछ पता नहीं चला कि क्या हुआ। ऐसा लग रहा था कि वह ठीक–ठाक उड़ रहा था। प्लेन हादसे की जांच में शामिल होने ब्रिटिश टीम भारत आएगी को लेकर लंदन आ रहे प्लेन के अहमदाबाद में क्रैश होने के कई विजुअल बहुत भयानक हैं। मुझे हर अपडेट के बारे में जानकारी दी जा रही है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय अधिकारियों की मदद के लिए एक टीम भारत भेजी गई है। विदेश सचिव इस पर काम कर रहे हैं और हम जल्द से जल्द इस बारे में जानकारी देंगे। वहीं, ब्रिटिश सांसद लूसी पॉवेल ने संसद में कहा कि ब्रिटिश सरकार एअर इंडिया विमान में सवार लोगों को हर संभव मदद मुहैया कराएगी। कई परिवार हैं, जो अपने लोगों के आने का इंतजार कर रहे हैं।

## इजराइल का ईरानी परमाणु ठिकानों पर हमला जबावी कार्यवाही में ईरान ने मिसाईले दागी ,इजराइल रक्षा मंत्री को निशाना बनाने का दावा l

**इजराइल ने लगातार दुसरे दिन भी ईरान के एटमी ठीकानो पर हमले किए ।**



इजराइल ने लगातार दूसरे दिन ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इजराइली फाइटर जेट्स ने शुक्रवार देर रात ईरान के परमाणु ठिकानों को दोबारा निशाना बनाया।

इजराइली हमलों में अब तक 78 लोग मारे गए और 350 से ज्यादा घायल हुए। जवाब में ईरान ने 150 बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल की ओर दागीं। इनमें से 6 मिसाइ लें राजधानी तेल अवीव में गिरी, जिसमें 1 महिला की मौत हो गई। वहीं, 63 लोग घायल हो गए। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स में इजराइली रक्षा मंत्रालय को भी निशाना बनाने का दावा किया गया। ईरान की ओर से हमले की आशंका के चलते इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया था। इजराइल ने एक दिन पहले शुक्रवार सुबह 5:30 बजे ईरानी परमाणु और कई मिलिट्री ठिकानों को निशाना बनाया इसमें इजराइली सेना बोली– ईरान ने फिर हमला शुरू किया इजराइली सेना ने बताया कि ईरान ने फिर से मिसाइल हमला शुरू कर दिया है। उत्तरी इजराइल और इजराइल के कंट्रोल वाले गोलान हाइट्स में सायरन बजे रहे हैं। लोगों से बम शेल्टर्स में जाने की अपील की गई है। सेना का कहना है कि उसने ईरान से लॉन्च की गई कई मिसाइलों का पता लगाया है। वायुसेना हमलों को नाकाम करने के लिए काम कर रही है।

## विदेश मंत्री एस जय शंकर युरोप में कहा पाक ने ओसामा को छुपाकर रखा,उस पर भारोसा करना मुश्किल l

**मंत्री ने कहा भारत क्या करे किसी को यह तय करने का हक नहीं**



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पश्चिमी देशों से अपील की है कि वे पहलगाम आतंकवादी हमलों के बाद भारत की कार्रवाई को सिर्फ भारत–पाकिस्तान सीमा विवाद न समझें, बल्कि इसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई के तौर पर देखें। जयशंकर ने यूरोपीय मीडिया से कहा– दुनिया को समझना चाहिए कि आतंकवाद सिर्फ एक देश या इलाके की समस्या नहीं है, बल्कि यह ग्लोबल खतरा है, जिसका असर देर–सवेर सब पर पड़ पड़ेगा। जयशंकर ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस देश में ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकवादी को कई साल तक सेना के इलाके में छिपाकर रखा गया हो, उस पर भरोसा करना मुश्किल है।

जयशंकर यूरोपीय देशों के दौरे पर हैं – जयशंकर इस हफ्ते यूरोपीय देशों के दौरे पर हैं। बुधवार को वे बेल्जियम की राजधानी ब्रुसेल्स में थे। यहां उन्होंने यूरोपीय यूनियन के नेताओं से मुलाकात की। यूरोप की समाचार वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने अमेरिका, चीन, पाकिस्तान, रूस–यूक्रेन युद्ध और यूरोपीय यूनियन के साथ भारत के संबंधों पर विस्तार से चर्चा की।

## एयर इंडिया के 156 यात्रीयों से भरे विमाने की थाईलैंड में इमरजैंसी लैडिंग , बम होने की सुचना ,फुकेट से दिल्ली आ रहा था

थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट AI–379 की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। यहां प्लेन में बम होने की सूचना मिली थी। विमान में 156 लोग सवार थे। फ्लाइट फुकेट से दिल्ली आ रही थी। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने फ्लाइट ट्रैकर श्फ्लाइट्रेडर24श के हवाले से बताया कि एअर इंडिया की फ्लाइट ने फुकेट एयरपोर्ट से भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे (स्थानीय समयानुसार दोपहर 2.30 बजे) टेकऑफ किया था। विमान अंडमान सागर के ऊपर एक बड़ा चक्कर लगाते हुए पलटा और करीब 20 मिनट बाद फुकेट में सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिग की। सभी यात्री और क्रू सेफ हैं, किसी को भी कोई नुकसान नहीं हुआ है। नेशन थाईलैंड ने बताया कि बम की धमकी मिलते ही फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान एक्टिवेट कर दिया। एयरपोर्ट अफसरों ने कहा कि धमकी को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं। ज्यादा जानकारी मिलने पर अपडेट दिया जाएगा।

## अमेरिका ने पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिफ मुनिर को सैना की दो सौ पच्चास वीं वर्षगाठा पर न्योता दिया

**इस निमंत्रण का पुर्व पाक पीएम की पार्टी विरोध कर रही है ।**

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका दौरे पर पहुंचेंगे। वे शनिवार यानी 14 जून को वॉशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल होंगे। इस दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 79वां जन्मदिन भी है। इस मौके पर राजधानी वॉशिंगटन में एक परेड का आयोजन होगा। मुनीर का पहला अमेरिकी दौरा 2023 में हुआ था, तब उन्होंने तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन, तत्कालीन विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और न्छ महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की थी।उस वक्त भारत ने कहा था कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद का समर्थन और क्रॉस–बॉर्डर हमलों को लेकर हमारी चिंताएं जगजाहिर हैं। हम उम्मीद करते हैं कि अन्य देश भी आतंकवाद के खिलाफ गंभीरता से कदम उठाएंगे।

तस्वीर 2023 में आसिम मुनीर और तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच हुई मुलाकात की है। तस्वीर 2023 में आसिम मुनीर और तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के बीच हुई मुलाकात की है।

इमरान खान की पार्टी मुनीर का अमेरिका में विरोध करेगी – मुनीर के दौरे से पहले ही विरोध के स्वर भी सुनाई देने लगे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी तहरीक–ए–इंसाफ ने इस दौरे के दौरान प्रदर्शन की धमकी दी है। के ओवरसीज अफेयर्स सेक्रेटरी सज्जाद बुरकी ने शनिवार को वॉशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास के बाहर प्रदर्शन की अपील की है। उन्होंने ग पर लिखा– व्हाइट हाउस को बताएं कि इस सरकार के साथ कोई भी समझौता पाकिस्तान की जनता स्वीकार नहीं करेगी।

## कनाडा मंदिर अध्यक्ष प्रॉपर्टी फायरिंग केस में लोरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

**गैंग ने बताया की ये तो ट्रेलर था अभी पिक्चर बाकी है**

कनाडा में लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष और कारोबारी सतीश कुमार की प्रॉपर्टी पर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने ली है। खास बात ये है कि इस बार जिम्मेदारी लेते हुए गोल्डी बराड़ और गोदारा का नाम नहीं आया, जबकि नए गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और अर्जू बिश्नोई उनके गिरोह से जुड़े हुए नजर आ रहे हैं। गैंग ने दावा किया कि यह हमला गोल्डी ढिल्लों द्वारा करवाए जाने का दावा किया गया था। घटना से पहले सतीश कुमार से लगभग 20 लाख डॉलर की फिरौती मांगी गई थी, लेकिन उनके इनकार पर 48 घंटे के भीतर उनके दो स्थानों पर गोलियां चलाई गईं। सरी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों के नाम से एक पेज से पोस्ट की गई, जिसमें लॉरेंस गैंग के नाम से जिम्मेदारी ली गई। जिसमें कहा गया कि सत श्री अकाल, राम राम सारे भाइयों को लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से। कनाडा के ओहब सहित दो जगह पर जो फायरिंग हुई है,

उसकी जिम्मेदारी मैं गोल्डी ढिल्लों (लॉरेंस बिश्नोई गैंग) लेता है। हमने आज तक किसी को नाजायज तंग नहीं किया और ना ही आगे करेंगे। हमारी किसी भी धर्म और जाती के साथ दुश्मनी नहीं है। हमारी दुश्मनी सिर्फ सतीश जैसे लोगों के साथ है। पोस्ट में लिखा गया कि इसके जैसे लोगों ने काले कामों में पैसा कमाकर सफेद कॉलर बनकर बैठे हैं। सतीश और उसके बेटे अमन ने अपनी पोस्ट का गलत इस्तेमाल करके लोगों को आपस में लड़वाया और लोगों को बांटने का काम किया। जिसके बाद अब ये लोग लोगों को जोड़ने की बात कर रहे हैं। उन्होंने लोगों में हेट फैलाकर पॉलिटिकल स्टंट किया। ऐसे झूठे व्यक्ति को हम छोड़ेंगे नहीं।

आगे कहा लिखा गया कि मंदिर और गुरु घरों से भी पैसे कमाए गए। लोगों के सामने दोनों अपनी इमेज सुधार सकते हैं, मगर हमारे सामने नहीं। ये आखिरी वॉर्निंग है, सुधर जाओ, वरना अंजाम बुरा होगा। साथ ही गैंग ने सतीश के साथ कारोबार न करने की नसीहत दी। अगर कोई इनकी प्रॉपर्टी पर जा रहा था, तो सोच समझ कर जाए, कहीं कोई अपना नुकसान न करवा ले। ये सिर्फ ट्रेलर था, असली मूवी अभी बाकी है। हम नहीं चाहते कि दोनों की वजह से किसी बेकसूर की जान चली जाए। आखिरी में लिखा– जय श्री राम। लॉरेंस गैंग, अंकित भादू शेरावाला, जतिंदर गोगी मान ग्रुप, हाशिम बाबा, काला राणा और अर्जु बिश्नोई।


# खबरों के लिए लोगिंग करे

# https://sbpatra.in/


स्वत्वाधिकार सम्पादक प्रकाशक मधुसूदन शर्मा / डिजिटल संस्करण प्रति सोमवार स्वतंत्र बौद्धिक पत्र समाचार पत्र की आधिकारीक बेवसाइट https://sbpatra.in/ पर उपलब्ध है। अन्य वेब या डिजिटल माध्यमों पर इसे प्रकाशित या इस नाम से , अन्य सामग्री जैसे समाचार पत्र प्रकाशन या इस नाम से कोइ वेब डोमेन खरीदना , दण्डनीय अपराध होगा ,ऐसा करने पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। - सम्पादक मधुसूदन शर्मा